
हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, गुरुवार, 17 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 41.3 डिग्री
न्यूनतम 23.3 डिग्री

गुजवि में की जाएगी स्पिकमैके हेरीटेज क्लब की स्थापना 12



## खबर संक्षेप

### दौलतपुर गांव में मजदूर ने लगाया फंदा

**उकलाना।** गांव दौलतपुर में मानसिक परेशानी के चलते एक मजदूर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जांच अधिकारी राजबीर सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान 24 वर्षीय सुंदरबड़ा के रूप में हुई जो उड़ीसा का रहने वाला था। सुंदरबड़ा कुछ दिन पहले ही यहां पर एक कृषि फार्म पर अपनी पत्नी सहित आया था। पत्नी के साथ मनमुटाव होने के कारण उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई, जिसकी वजह से वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगा।

### ट्रैक्टर की चपेट से साढ़े तीन साल के बच्चे की मौत

**आदमपुर।** गांव सदलपुर से खाबड़ा रोड पर ट्रेक्टर की टक्कर से करीब साढ़े तीन वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। ढाबी कलां निवासी अनूप ने बताया कि उसने अपने भाई का बेटा जन्म से ही गोद ले रखा है। गत दिवस वह उसकी पत्नी सीता व करीब साढ़े तीन साल का बेटा अंश हिसार से मोटरसाइकिल पर सवार होकर आदमपुर-सदलपुर होते हुए अपने घर जा रहे थे। सदलपुर से खाबड़ा रोड पर रेलवे फाटक से कुछ दूरी पर पति-पत्नी लघुशंका के लिए मोटरसाइकिल साइड में खड़ा कर दिया। उनका बेटा मोटरसाइकिल के पास ही खड़ा था। सदलपुर की ओर से आ रही ट्रेक्टर-ट्राली ने अंश को टक्कर मार दी।

### ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग घायल, मौत

**हिसार।** ढाणी गारण के पास ट्रेन की चपेट में आने से घायल हुए गांव के ही लीलूराम की उपचार के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई। रेलवे थाना पुलिस के अनुसार ढाणी गारण निवासी लीलूराम को ऊंचा सुनाई देता था। वह आठ अप्रैल को गांव के पास से गुजरने वाली रेलवे लाईन के साथ-साथ जा रहे थे। वह इसी दौरान रेलगाड़ी की चपेट में आकर घायल हो ट्रैक के बाहर जा गिरे।

### हमला कर आईटीआई के छात्र को किया घायल

**हिसार।** लोहा मंडी चौक पर हमलावरों ने डंडों से हमला कर आईटीआई के छात्र अक्षय को घायल कर दिया। शहर पुलिस ने चार नामजद के खिलाफ केस दर्ज करके उनकी तलाश शुरू कर दी है। इस संबंध में शिकारपुर गांव के अक्षय ने पुलिस को शिकायत देकर कार में आए विकास, योगेश, अमित, सौरभ व अन्य 5-6 युवकों पर केस दर्ज करवाया है।

### अवैध देशी शराब की 36 बोतल के साथ एक काबू

**नारनौंद।** थाना बास पुलिस ने अवैध देसी शराब की 36 बोतल के साथ बास आजमशाह निवासी सुरेश उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार थाना बास पुलिस को गश्त पड़ताल के दौरान सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर पेटवाड़ रोड़ से बास की अवैध शराब लेकर आ रहा है। सूचना के आधार पर बास थाना पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए पेटवाड़ रोड़ स्थित माइनर के पास नाकाबंदी कर मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को रुकवाकर मोटरसाइकिल पर पीछे रखे प्लास्टिक कट्टों की तलाशी ली तो उनमें देसी शराब की 36 बोतल बरामद हुई।

### हसनगढ़ गांव से युवती लापता, मामला दर्ज

**बरवाला।** क्षेत्र में स्थित गांव हसनगढ़ से 21 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। युवती के भाई ने दनोदा गांव के राहुल नाम के युवक पर बहन को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। बरवाला पुलिस को दी शिकायत में लापता लड़की के भाई ने बताया कि उनकी बहन बिना किसी को बताए घर से चली गई और संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। जानकारी मिली है कि राहुल नाम का युवक उनकी बहन को बहला-फुसलाकर ले गया है। दोनों के मोबाइल फोन बंद आ रहे हैं, जिससे परिजनों को युवती की सुरक्षा की चिंता सता रही है।

---

### बदले मौसम ने धरतीपुत्रों की बढ़ाई धकड़नें, हजारों क्विंटल गेहूं खुले में पड़ा

# गेहूं की आवक तेज, उठान कार्य धीमा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

जिले की अनाज मंडियों तथा खरीद केंद्रों पर हजारों क्विंटल किसान का पीला सोना खुले आसमान के नीचे पड़ा है। गेहूं की आवक के मुकाबले उठान बहुत धीमी है। जिले की मंडियों तथा खरीद सेंटर पर 15 अप्रैल तक 1 लाख 37 हजार 554 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है, जबकि 21 हजार 446 मीट्रिक टन गेहूं का उठान हो पाया है। खरीद के मुकाबले उठान महज 16 फीसदी हुआ है। करीब 126108 एमटी गेहूं अभी उठान का इंतजार है। उधर, मौसम वैज्ञानिकों द्वारा पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के चलते मौसम में बदलाव की संभावना को देखते किसानों की धकड़नें बढ़ गई है। इन परिस्थितियों के बीच अगर बारिश होती है कि जिलेभर की अनाजमंड़ियों तथा खरीद केंद्रों पर हजारों क्विंटल गेहूं के भीगने का अंदेशा है।

- खरीद के मुकाबले उठान महज 16 फीसदी हुआ
- 126108 एमटी गेहूं अभी उठान का इंतजार

**खुले आसमान के नीचे पड़ा गेहूं**



#### 27 स्थानों पर गेहूं की खरीद

किसानों की सुविधा के लिए जिले के विभिन्न 27 स्थानों पर गेहूं के खरीद केंद्र स्थापित किए गए हैं, इनमें आदमपुर, अग्रोहा, बालसमंद, बांडाहेड़ी, बरवाला, बास, दौलतपुर, घिराए, हांसी, हसनगढ़, हिसार, कैमरी, खांडाखेड़ी, खेड़ी जालब, कोथ कलां, लोहारी राघो, नारनौंद, पाबड़ा, पेटवाड़, श्यामसुख, सरसौद, सिसाय, थुराना, उकलाना, राजली तथा मतलोड़ा आदि शामिल है। बता दें कि जिले में गेहूं की खरीद का कार्य खाद्य आपूर्ति विभाग, हैफेड तथा हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा की जा रहा है।

#### किसने कितना खरीदा और कितना किया उठान

खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 15 अप्रैल तक 26654 मीट्रिक टन गेहूं खरीद गया है, जबकि उठान 3695 मीट्रिक टन किया है। हैफेड द्वारा अब तक 96921 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है, जबकि उठान 17051 मीट्रिक टन हुआ है।

इनके अलावा हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा 13979 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद तथा 700 मीट्रिक टन गेहूं का उठान किया है। इस बार मंडियों में 5 लाख एमटी गेहूं की आवक का अनुमान लगाया गया है।

#### बूंदाबांदी की संभावना

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय कृषि मौसम विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से कारण बुधवार को राज्य के मौसम में फिर से बदलाव देखा जा रहा है। जिससे रात्रि को राज्य में विशेषकर दक्षिण पश्चिमी व उत्तरी हरियाणा में मध्यम से तेज हवाएं चलने तथा कुछ एक स्थानों पर गरज चमक के साथ छिटपुट बूंदाबांदी की भी संभावना है। परंतु बाद में फिर से मौसम के खुश्क बने रहने की संभावना है। पश्चिमी हवाएं चलने से 17 अप्रैल से 19 अप्रैल के दौरान मौसम आमतौर पर खुश्क व तापमान में बढ़ोतरी संभावना है।

---

# बास गांव में तालाब में नहाने गया युवक डूबा

- एनडीआरएफ की टीम पहुंची मौके पर, सर्च अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हांसी

गांव बास आजमशाह पुर में देवी मंदिर के पास स्थित तालाब में बुधवार दोपहर तालाब में नहाने गए एक युवक के तालाब में डूबने का मामला प्रकाश में आया है। तालाब में डूबे युवक के शव को बरामद करने के लिए लिए एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया है। खबर लिखे जाने तक एनडीआरएफ की टीम युवक की तालाश कर रही थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बास आजमशाह पुर निवासी 35 वर्षीय संदीप गर्मी से राहत पाने के लिए तालाब में नहाने गया था। लेकिन तालाब में पानी की गहराई अधिक होने के कारण वह डूबने लगा।

इसी दौरान एक राहगीर ने उसे तालाब में डूबते देखा और उसे बचाने के लिए आवाज लगाई। लेकिन जब तक आस पास के लोग मौके पर पहुंचे तब तक संदीप तालाब के पानी में डूब चुका था। जिसके बाद ग्रामीणों ने तुरंत बास थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गोताखोरों को बुलाया। गोताखोर और लोगों ने मिलकर तालाब में तलाशी अभियान चलाया। लेकिन तलाशी अभियान के दौरान संदीप का कोई पता नहीं चल सका। संदीप की तलाश में तालाब के किनारे पुलिस और ग्रामीणों की भीड़ जमा रही। खबर लिखे जाने तक एनडीआरएफ की टीम तालाब में संदीप को तलाश करने में लगी हुई थी।



**हांसी।** तालाब में सर्च अभियान चलाते एनडीआरएफ की टीम।

---

# इलेक्ट्रो होम्योपैथी की मान्यता के लिए सीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल एसोसिएशन, हरियाणा के वाइस चेयरमैन डॉ. तेजवीर चाहर व प्रेस प्रवक्ता डॉ. सतीश सिंहमार ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की व इलेक्ट्रो होम्योपैथी की मान्यता के लिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया। उन्होंने इलेक्ट्रो होम्योपैथी की मान्यता के लिए चर्चा की। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि आपकी चिकित्सा पद्धति विचाराधीन है। इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल एसोसिएशन की टीम को अच्छे कार्य के लिए प्रोत्साहित किया। इस मुलाकात के मौके पर नलवा के विधायक रणधीर पनिहार भी उनके साथ थे।



**हिसार।** इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल एसोसिएशन के सदस्य मुख्यमंत्री को ज्ञापन देते हुए। फोटो : हरिभूमि

---

# इंटर्नशिप भत्ते में वृद्धि की मांग को लेकर प्रदर्शन

- लुवास के पशु चिकित्सा अस्पताल के बाहर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में इंटर्नशिप कर रहे स्टूडेंट ने इंटर्नशिप भत्ते में वृद्धि बढ़ाने की मांग पर वेटरनरी क्लिनिक का गेट बंद करके धरना दे दिया।

सैंकड़ों छात्रों ने प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर मांगपत्र भी लुवास के प्रशासनिक अधिकारियों को भेजा है। विद्यार्थियों ने कहा कि जब तक उनके इंटर्नशिप भत्ते में वृद्धि नहीं की जाती, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा। बता दें कि गत 18 मार्च को भी विद्यार्थियों ने ने प्रदर्शन किया था और इंटर्नशिप भत्ते में वृद्धि की मांग उठाई थी।

प्रदर्शनकारी छात्रों ने कहा कि वे 2020 से बीवीएससी एंड एएच की डिग्री कर रहे हैं। इंटर्नशिप के दौरान उन्हें 17 हजार रुपये इंटर्नशिप भत्ता मिल रहा है, जबकि रोहतक पीजीआई में एमबीबीएस के स्टूडेंट को 3 जुलाई 2024 से 24 हजार 310 रुपये मिल रहे हैं। उन्होंने मांग उठाई कि उन्हें भी इसी अनुपात में इंटर्नशिप भत्ता मिलना चाहिए। विश्वविद्यालय के डीन डॉ. गुलशन व डॉ. पवन कुमार ने छात्रों को समझाने का प्रयास किया लेकिन छात्रों ने दोपहर दो बजे तक गेट खोलने से मना कर दिया। छात्रों का कहना है कि वे कई बार प्रशासन से मिल चुके हैं, लेकिन केवल आश्वासन ही मिला है।

प्रदर्शन का असर पशु चिकित्सा सेवाओं पर पड़ा। इंटर्न छात्रों की हड़ताल के कारण केवल डॉक्टर ही पशुओं का इलाज करते दिखाई दिए। पशुपालकों को इस स्थिति में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छात्रों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी, तब तक उनका विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।



**हिसार।** इंटर्नशिप भत्ते में वृद्धि की मांग को लेकर प्रदर्शन करते विद्यार्थी।

---

# ऑनलाइन डायरी भरने के आदेश पर भड़के अध्यापक

- जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से संबंधित हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के आह्वान पर ऑनलाइन डायरी भरने के फैसले के खिलाफ संघ के जिला प्रधान प्रमोद कुमार के नेतृत्व में अध्यापकों ने रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का संचालन करते हुए जिला सचिव विनोद कुमार ने करते हुए बताया कि हरियाणा सरकार व शिक्षा विभाग ने अध्यापकों को ऑनलाइन डायरी भरने का आदेश जारी करना अध्यापकों को शिक्षण कार्य से दूर रखने की साजिश है।

प्रदर्शनकारी अध्यापकों को संबोधित करते हुए राज्य प्रधान प्रभु सिंह ने बताया कि आज तक के सभी शिक्षा आयोग, शिक्षा नीतियां, विद्वान, शिक्षा मनोविज्ञान, शिक्षा समाजशास्त्र व शिक्षण शास्त्र यह कहते आए हैं कि जब तक शिक्षक को बच्चों, अभिभावकों, स्थानीय समुदाय तथा वहां की आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक परिस्थितियों की गहन समझ नहीं होगी, तब तक शिक्षा की बाधाओं को पहचाना नहीं जा सकता। जब तक बाधाओं को पहचाना नहीं जाएगा, तब तक उन्हें दूर भी नहीं किया जा सकेगा। इन बाधाओं की पहचान के लिए शिक्षक को पर्याप्त समय चाहिए होता है।

इसके लिए आवश्यक है कि शिक्षा के औपचारिक ढांचे में भी शिक्षक-बच्चों को जितना संभव हो, अनौपचारिक होने दिया जाए।



**हिसार।** मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते अध्यापक संघ पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

#### तबादला पोर्टल शीघ्र ही खोला जाए

प्रदर्शनकारी अध्यापकों को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के ब्लॉक हिसार के प्रधान ओमप्रकाश माल व जिला प्रधान प्रमोद जांगड़ा ने कहा कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से लगाए गए शिक्षकों को हटाना सरकार के शिक्षा विरोधी रवैये को दर्शाता है। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ हरियाणा सरकार व शिक्षा विभाग से मांग करता है कि ऑनलाइन डायरी का आदेश वापस ले, तबादला पोर्टल शीघ्र ही खोला जाए व रिक्त पदों पर हरियाणा कौशल रोजगार निगम के अध्यापकों को समायोजित किया। यदि ऐसा नहीं किया गया तो 19-20 अप्रैल को कुरुक्षेत्र में होने वाली केंद्रीय कमेटी की बैठक में आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया जाएगा।

---

# नंगथला में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा खंडित होने पर जताया आक्रोश

- भीम आर्मी ने शासन प्रशासन को दी कड़ी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

अग्रोहा थाना क्षेत्र के गांव नंगथला में बाबा साहेब डॉ. बीआर अंबेडकर का स्टेच्यू खंडित किए जाने पर समाज के लोगों ने रोष जताया है। मौके पर पहुंचे भीम आर्मी नेता व अन्य ने प्रशासन को आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई का अल्टीमेटम दिया है वहीं नंगथला गांव के डॉ. भीमराव अंबेडकर क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। मौके पर भीम आर्मी के नेता संतलाल अंबेडकर व अमित जाटव पहुंचे और पुलिस को चेताते हुए कहा कि जल्द से जल्द आरोपियों को ढूंढकर उन्हें गिरफ्तार किया जाए, उन पर देशद्रोह का केस दर्ज किया जाए और आरोपियों की नागरिकता खत्म करवाई जाए। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी रिसाल सिंह ने बताया कि दोषियों को ढूंढने में शासन प्रशाशन की तरफ से छह टीमें लगाई गई है और एफआईआर दर्ज कर ली गई है। उन्होंने थोड़ा समय मांगते हुए आरोपियों को जल्द पकड़ने का आश्वासन दिया। मौके पर धरना संचालक क्लब प्रधान मनोज, संतलाल, सुरेन्द्र, बिंदू व अन्य ने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी न होने तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।



**हिसार।** मौके पर बैठे भीम आर्मी नेता व क्लब के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

---

# अवैध हथियारों सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

- तीन अवैध पिस्तौल व 15 कारतूस बरामद, अदालत ने आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा

**हिसार।** अवैध हथियार रखने वालों पर कार्रवाई करते हुए सीआईए टीम ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनसे तीन अवैध पिस्तौल व 15 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने तीनों को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

सीआईए प्रभारी उप निरीक्षक कर्ण सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने सेक्टर 3-5 फ्लाइओवर के पास से दो युवकों को संदेह के आधर पर काबू किया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम मुल्तानी चौक निवासी साहिल और बड़वाली ढाणी निवासी पवन बताया। तलाशी लेने पर साहिल के कब्जे से एक अवैध पिस्तोल और 6 कारतूस बरामद हुए और पवन के कब्जे से एक पिस्तोल और 5 कारतूस बरामद हुए। बरामद दो अवैध पिस्तोल और 11 जिंदा कारतूस को कब्जे में लेकर पुलिस ने दोनों के खिलाफ एचटीएम थाना में केस दर्ज करके उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। एक अन्य मामले में सीआईए टीम ने नई सब्जी मंडी की शेड के नीचे भारत नगर निवासी अजय उर्फ बोच पर जान से मारने की नीयत से गोली मारने के मामले में तेलियान पुल निवासी सावन उर्फ हाथी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से वारदात में प्रयुक्त एक अवैध पिस्तोल और चार कारतूस बरामद किए है।



**हिसार।** अवैध हथियारों सहित पकड़े गए तीनों आरोपी।


---

### एफजीएम कालेज के डॉ. पवन के आविष्कार का पेटेंट भारत सरकार ने किया पब्लिश

# अब तटीय कटाव पैटर्न की वास्तविक समय में मिल सकेगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मंडी आदमपुर

अब लाइट डिटेक्शन एंड रेंजिंग और उपग्रह भू-स्थानिक डेटा के उपयोग से तटीय कटाव पैटर्न की वास्तविक समय में पहचान की जा सकती है। इसके लिए आदमपुर एफजीएम राजकीय महाविद्यालय के भूगोल विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. पवन ने एक विशेष उपकरण डिजाइन किया है। डा. पवन के इस आविष्कार को भारत सरकार के पेटेंट महानियंत्रक कार्यालय ने स्वीकृति प्रदान करते हुए पब्लिश भी किया है। इस पेटेंट का भविष्य में भूगोल व भौतिक विज्ञान के शोधार्थियों को लाभ मिल सकेगा। इस संबंध में डॉ. पवन ने बताया कि कई वर्षों की मेहनत के बाद उन्होंने अपना पेटेंट स्वीकृति के लिए भारतीय पेटेंट कार्यालय में भेजा था जिसे स्वीकार कर लिया गया है। इन्होंने अण्डेमान-निकोबार, पश्चिम बंगाल, कोरोमण्डल व मालाबार के तटीय क्षेत्रों के सैंपल आंकड़ो के गहन अध्ययन के आधार पर पेटेंट कार्य पूरा किया।



उन्होंने बताया कि तटीय क्षेत्र प्राकृतिक एवं मानव निर्मित गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण केंद्र हैं, जहां पारिस्थितिकी, अर्थव्यवस्था और सामाजिक जीवन का अभिसरण होता है। हालांकि ये क्षेत्र निरंतर तटीय कटाव, जलवायु परिवर्तन और मानवीय गतिविधियों के कारण खतरे में हैं। इस संदर्भ में लिडार (लाइट डिटेक्शन एंड रेंजिंग) और उपग्रह भू-स्थानिक डेटा का उपयोग तटीय कटाव पैटर्न के वास्तविक समय में पहचान और मानचित्रण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है।

#### लिडार तकनीक का महत्व

लिडार एक उन्नत तकनीक है जो उच्च रेजुलेशन डेटा उत्पन्न करने में मदद करती है। यह तकनीक लेजर प्रकाश का उपयोग करके मिट्टी और भूमि की सतह को स्कैन करती है, जिससे तीन आयामी माडल बनाना संभव होता है। लिडार के माध्यम से प्राप्त डेटा का उपयोग तटीय क्षेत्र की भौगोलिक विशेषताओं का विस्तार से अध्ययन करने में किया जा सकता है। उदाहरण के लिए इसमें उभरी हुई भूमि, जल स्तर और मिट्टी की संरचना का विश्लेषण किया जा सकता है। इस प्रकार लिडार उपयोगकतार्ओं को तटीय कटाव के पैटर्न की सटीक पहचान करने में मदद करता है।

#### उपग्रह भू-स्थानिक डेटा का योगदान

उपग्रह भू-स्थानिक डेटा जैसे कि सेंसिंग, इमेजरी और जियोग्राफिक इंफार्मेशन सिस्टम, तटीय क्षेत्रों की व्यापक निगरानी और विश्लेषण की अनुमति देते हैं। उपग्रह से प्राप्त चित्रण तकनीक विभिन्न समयावधियों में तटीय क्षेत्रों में परिवर्तन का अध्ययन करने में सहायक होती हैं। इस प्रकार, वैज्ञानिक तटीय कटाव की दर, पैटर्न और कारणों की पहचान कर सकते हैं, जिससे उन्हें संभावित समाधानों की योजना बनाने में मदद मिलती है।

#### वास्तविक समय में डेटा एकत्रित करना

लिडार और उपग्रह तकनीक का एक प्रमुख लाभ यह है कि ये दोनों वास्तविक समय में डेटा एकत्रित करने की क्षमता रखते हैं। इससे शोधकर्ता और प्रबंधक तटीय क्षेत्र की स्थिति पर तत्काल प्रतिक्रिया देने में सक्षम होते हैं। उदाहरण के लिए समुद्र के स्तर में वृद्धि या तटीय तूफानों के कारण मौसमी बदलावों का त्वरित विश्लेषण करना संभव है, जिसके आधार पर रक्षा और प्रबंधन योजनाएं बनाई जा सकती हैं। लिडार और उपग्रह भू-स्थानिक डेटा का उपयोग तटीय कटाव विश्लेषण में एक नई दिशा प्रदान करता है। इनके माध्यम से न केवल उच्च-गुणवत्ता का डेटा प्राप्त किया जा सकता है, बल्कि तटीय क्षेत्र के परिवर्तन का समय-समय पर सावधानीपूर्वक अध्ययन भी किया जा सकता है। ये तकनीकें प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, जोखिम प्रबंधन, और तटीय विकास की रणनीतियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए स्थायी विकास की दिशा में एक कदम आगे हैं। इस प्रकार, लिडार और उपग्रह भू-स्थानिक डेटा के संयोजन से तटीय कटाव पैटर्न की पहचान और मानचित्रण में क्रांतिकारी बदलाव आ सकते हैं, जो न केवल भूगोल व विज्ञान में एक नया अध्याय खोलता है, बल्कि मानवता के लिए एक सुरक्षित भविष्य की दिशा में भी महत्वपूर्ण है।



**डॉक्टर्स एडवाइस**



डॉ. रणधीर सूद
चेयरमैन-गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी डिपार्टमेंट
मेदांता द मेडिसिटी, गुरुग्राम

हमारे पाचन तंत्र का 'पावर हाउस' है यकृत (लिवर या जिगर), जो शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकाल बाहर करने का माध्यम भी है। शरीर के इतने महत्वपूर्ण अंग के स्वास्थ्य को बरकरार रखना बहुत महत्वपूर्ण है। अगर आप यहां दिए जा रहे लक्षणों में से कुछ लक्षणों से पीड़ित हैं और आपको राहत नहीं मिल रही है, पेट की समस्या जारी है तो इस स्थिति में डॉक्टर से परामर्श करने में देर न करें।

### बीमार लिवर के कुछ सामान्य लक्षण

- खाने का मन ना करना, भूख धीरे-धीरे कम होते जाना।
- अकसर पेट में दर्द या ऐंठन महसूस होना।
- पेट में अकसर सूजन होना।
- सामान्य डाइट के बावजूद वजन का कम होते जाना।
- पैरों में सूजन होना।
- बिना किसी संक्रमण के अकसर बुखार होना।
- बगैर श्रम किए हमेशा थकावट महसूस करना।
- पीलिया (जॉन्डिस) के लक्षण दिखना जैसे आंखों, नाखूनों और त्वचा के रंग का पीला होना।
- जी मिचलाना और अकसर दस्त होना।

### लिवर की गंभीर बीमारियां

लिवर कैंसर, लिवर सिरोसिस, हेपेटाइटिस और फैटी लिवर को प्रमुख बीमारियों में शुमार किया जाता है।

### बहुत खतरनाक है लिवर कैंसर

लिवर से संबंधित कोई भी बीमारी जो लंबे समय से जारी हो, वह लिवर कैंसर बन सकती है।

**कारण:** लिवर कैंसर होने के तीन प्रमुख कारण हैं- हेपेटाइटिस बी और हेपेटाइटिस सी। फैटी लिवर डिजीज। एल्कोहलिक लिवर डिजीज।

**रोकथाम:** अगर लिवर कैंसर का कारण हेपेटाइटिस बी है, तो इसकी रोकथाम के लिए वैक्सीन उपलब्ध है। अगर हेपेटाइटिस बी के कारण लिवर में संक्रमण है तो शुरुआती दौर में इसका इलाज संभव है। हेपेटाइटिस सी के लिए वैक्सीन उपलब्ध नहीं है, लेकिन इसका इलाज संभव है। अगर एल्कोहलिक लिवर डिजीज के कारण लिवर कैंसर पनप चुका है तो ऐसी स्थिति में सबसे पहले शराब पीना बंद करना जरूरी है, क्योंकि यह समस्या काफी दिनों तक अत्यधिक शराब पीने के कारण होती है।

**लिवर कैंसर का इलाज:** सबसे पहले यह पता लगाया जाता है कि लिवर कैंसर की अवस्था (स्टेज) क्या है। ऐसे कैंसर की प्रारंभिक अवस्था में सर्जरी भी कर सकते हैं या फिर मरीज की स्थिति के मद्देनजर लिवर ट्रांसप्लांट भी किया जा सकता है। अगर कैंसर स्टेज 3 या 4 में है तो इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के जरिए इलाज किया जाता है।



### लिवर सिरोसिस

**कारण:** उपरोक्त वर्णित लिवर कैंसर के जो कारण हैं, वे लिवर सिरोसिस के संदर्भ में भी लागू होते हैं। यही बात लिवर सिरोसिस की रोकथाम के संदर्भ में भी लागू होती है।

**लक्षण:** खून की उल्टी होना, आंत में रक्तस्राव होना, पेट में पानी भरना लिवर सिरोसिस के कुछ प्रमुख लक्षण हैं। इसके अलावा मरीज का अतार्किक बातें करना, जिसे सहज भाषा में मरीज का 'गफलत में जाना' भी कहते हैं। मरीज बेहोश भी हो सकता है। इसके अलावा मरीज के रक्त में हीमोग्लोबिन का स्तर भी गिर जाता है।

**रोकथाम-इलाज:** मरीज का अतिशीघ्र शराब छोड़ना जरूरी है। इसके अलावा लिवर सिरोसिस की स्थिति में पीड़ित व्यक्ति का इलाज उसकी शारीरिक स्थिति और लक्षणों के आधार पर किया जाता है। लिवर सिरोसिस को दवाओं से नियंत्रित करने का प्रयास किया जाता है।

**स्पेशल: वर्ल्ड लिवर डे, 19 अप्रैल**

मौजूदा दौर में अनहेल्दी लाइफस्टाइल और गलत डाइट हैबिट के कारण लोगों में लिवर के रोगग्रस्त होने की आशंका बढ़ गई है। इससे कई तरह की गंभीर बीमारियां हो सकती हैं, जिन्हें इग्नोर करना घातक हो सकता है। ऐसे में उन कारणों को समझना बहुत जरूरी है, जो लिवर को बीमार कर देते हैं। साथ ही इनसे बचने के उपाय और उपचार के बारे में भी जानिए।

# लिवर हेल्थ को कभी ना करें इग्नोर



### डाइट हैबिट से जुड़ा फैटी लिवर

अगर लिवर में 5% से ज्यादा वसा कोशिकाएं (फैट सेल्स) संचित हो जाती हैं तो इस स्थिति को फैटी लिवर डिजीज कहते हैं। फैटी लिवर का पता पेट के अल्ट्रासाउंड से लगता है। फैटी लीवर के दो प्रकार हैं- एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज और नॉन-एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज। एल्कोहलिक फैटी लिवर काफी दिनों तक अत्यधिक शराब पीने से होता है, जिसकी रोकथाम के लिए, सबसे पहले शराब छोड़ना होता है। इसके बाद मरीज को दवाएं भी दी जाती हैं।

**लक्षण:** दोनों प्रकार की फैटी लिवर की समस्याओं में अकसर पेट से संबंधित तकलीफें महसूस होती हैं। जैसे पेट दर्द, दस्त होना, पेट फूलना, गैस बनना, बदहजमी, भूख कम लगना और कब्जियत आदि।

**अनहेल्दी लाइफस्टाइल का नतीजा:** नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर के ज्यादातर मामले अनहेल्दी डाइट, नियमित रूप से व्यायाम या शारीरिक श्रम न करने और मोटापे के कारण बढ़ते हैं। जो लोग जंक फूड्स और अत्यधिक चिकनाई युक्त आहार को प्रतिदिन या अकसर ग्रहण करते हैं, उनमें नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर होने का खतरा बहुत ज्यादा होता है। इन दिनों युवा वर्ग भी बड़े पैमाने पर नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर समस्या से ग्रस्त हो रहा है। उनमें बढ़ती इस बीमारी का एक प्रमुख कारण फैटी फूड्स, फास्ट फूड और जंक फूड्स को अपने खान-पान में वरीयता देना है।

**इनको है ज्यादा रिस्क:** जो लोग मोटापे से ग्रस्त हैं या फिर जिनका बॉडी मास इंडेक्स 25 से ऊपर है, उनमें नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर होने का खतरा ज्यादा होता है। मोटापे से ग्रस्त जिन लोगों के पेट पर शरीर के अन्य भागों की तुलना में कहीं ज्यादा चर्बी संचित होती है, उन्हें फैटी लिवर होने का जोखिम ज्यादा है। मधुमेह ग्रस्त लोगों को फैटी लिवर का जोखिम ज्यादा रहता है। इसलिए ऐसे लोगों को ब्लड शुगर को नियंत्रण में रखना चाहिए। जिन लोगों के रक्त में कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड का स्तर ज्यादा है, उनमें भी फैटी लिवर का जोखिम ज्यादा होता है। इस संदर्भ में डॉक्टर से परामर्श लेकर लिपिड प्रोफाइल टेस्ट करवाएं।




**रोकथाम-इलाज:** फैटी फूड्स और जंक फूड्स से जहां तक संभव हो परहेज करें। शारीरिक स्थिति और उम्र के अनुसार नियमित रूप से व्यायाम करें। बेहतर रहेगा कि आप व्यायाम करने से पूर्व इस संदर्भ में फिटनेस एक्सपर्ट और अपने डॉक्टर से परामर्श लें। जो लोग मोटापे के कारण फैटी लिवर की समस्या से ग्रस्त हैं, अगर वे अपने वजन को खान-पान और व्यायाम के जरिए 7 से 10% तक कम कर लेते हैं तो उन्हें काफी राहत मिल सकती है। अगर जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन करने के बाद भी वांछित परिणाम नहीं मिलते तो फैटी लिवर से छुटकारा पाने के लिए दवाएं दी जाती हैं।

### हेपेटाइटिस के प्रकार और लक्षण

लिवर में संक्रमण और सूजन की स्थिति को हेपेटाइटिस कहते हैं। हेपेटाइटिस वायरल संक्रमण है, जिसके पांच प्रमुख प्रकार हैं- हेपेटाइटिस ए, हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी, हेपेटाइटिस डी और हेपेटाइटिस ई।

**हेपेटाइटिस ए और ई:** इन दोनों का वायरस दूषित खाद्य पदार्थों और प्रदूषित पेयजल के जरिए व्यक्ति को संक्रमित करता है। इसलिए दोनों हेपेटाइटिस से बचाव के लिए स्वच्छ खाद्य पदार्थ ग्रहण करें और शुद्ध जल पिएं। इन दोनों हेपेटाइटिस में लगभग 1% मरीज गंभीर स्थिति में पहुंचते हैं। इन मर्जों से ग्रस्त लोगों का इलाज लक्षणों के आधार पर किया जाता है। हेपेटाइटिस ए से बचाव के लिए वैक्सीन उपलब्ध है। अगर समुचित इलाज नहीं कराया गया तो हेपेटाइटिस ई गर्भवती महिलाओं और उनके गर्भस्थ शिशुओं को भी नुकसान पहुंचा सकता है।

**हेपेटाइटिस बी:** इससे बचाव के लिए टीका (वैक्सीन) उपलब्ध है। इसके अलावा कुछ दवाओं से इस मर्ज को नियंत्रित किया जा सकता है।

**हेपेटाइटिस सी:** इसके इलाज में दवाएं काफी हद तक कारगर हैं।

**हेपेटाइटिस डी:** जिन लोगों को हेपेटाइटिस बी का संकमण होता है, वही हेपेटाइटिस डी से ग्रस्त होते हैं। मरीज के लक्षणों के आधार पर इसका इलाज किया जाता है। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला



### इन बातों पर दें ध्यान

- डॉक्टर की सलाह के बगैर पेनकिलर्स या फिर एंटीबायोटिक्स लेना लिवर की सेहत के लिए नुकसानदेह है।
- एंटीडिप्रेसेंट मेडिसिंस (अवसादरोधी दवाएं) के भी लिवर पर साइड और आफ्टर इफेक्ट्स हो सकते हैं। इसलिए ऐसी दवाओं का सेवन मनोरोग विशेषज्ञ के परामर्श से करें।
- दिन भर विभिन्न खाद्य पदार्थों के जरिए लगभग 3 से 5 ग्राम नमक (चाय की छोटी चम्मच की मात्रा भर) का सेवन किया जा सकता है। नमक का अधिक सेवन लिवर में सूजन के खतरे को बढ़ा देता है।
- ट्रांस फैट्स के सेवन से बचें। जब तेल में खाद्य पदार्थों को बार-बार तला जाता है तो ऐसे खाद्य पदार्थों में ट्रांस फैट्स की मात्रा बढ़ जाती है। ट्रांस फैट्स से निर्मित खाद्य पदार्थों में अतिरिक्त कैलोरीज होती हैं, जिससे वजन तेजी से बढ़ता है और ऐसे खाद्य पदार्थों के सेवन से कालांतर में लिवर की कोशिकाओं पर वसा की परत संचित होने लगती है, जिससे लिवर में सूजन संभव है।
- अत्यधिक शुगर और 'कृत्रिम स्वीटनर्स' युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन से बचें, क्योंकि ये कालांतर में लिवर के लिए नुकसानदेह हैं।

### तब रहेगा लिवर हेल्दी



**अपने लिवर** को हेल्दी रखने के लिए यहां दिए जा रहे सुझावों पर अमल करें।

**वजन में करें 10% की कमी:** अगर मोटापे से ग्रस्त कोई व्यक्ति व्यायाम और कम कैलोरी युक्त खान-पान के जरिए अपने शरीर के वजन में लगभग 10% की कमी करने में सफल रहता है, तो वह लिवर से संबंधित बीमारियों से कुछ हद तक दूर रह सकता है। मोटापा आपके लिवर का शत्रु है। अपने बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) को 25 से ऊपर न जाने दें, इस संदर्भ में अपने डॉक्टर से परामर्श लें।

**लिपिड प्रोफाइल जांच:** समय-समय पर डॉक्टर के परामर्श से लिपिड प्रोफाइल जांच कराते रहें ताकि यह पता चल सके कि आपके रक्त में कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड का स्तर बढ़ा तो नहीं है। अगर ये स्तर बढ़ा है तो फिर डॉक्टर के परामर्श से दवाएं लें।

**शराब से दूरी:** हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार शराब और अन्य मादक पदार्थ लिवर पर अपना दुष्प्रभाव छोड़ते हैं। इसलिए इनके सेवन से परहेज करें।

**ब्लड शुगर करें नियंत्रित:** जो लोग मधुमेह से ग्रस्त हैं, वे रक्त शर्करा स्तर (ब्लड शुगर लेवल) को डॉक्टर के परामर्श से नियंत्रित रखें। ऐसा इसलिए क्योंकि बढ़ा हुआ शुगर लेवल फैटी लिवर और इससे संबंधित समस्याओं के जोखिम को बढ़ाता है। इनके अलावा स्वास्थ्यकर जीवनशैली पर अमल करें। इसके अंतर्गत आहार में मौसमी फलों, सब्जियों और साबुत अनाजों को वरीयता दें। अपनी उम्र और शारीरिक क्षमता के अनुसार प्रतिदिन 20 से 30 मिनट व्यायाम करें, योगासन करें या टहलें। जंक फूड्स, अत्यधिक चिकनाईयुक्त और मसालेदार खाद्य पदार्थों से परहेज करना चाहिए। शराब और अन्य मादक पदार्थों से परहेज करें। इसके अलावा असुरक्षित यौन संबंधों से बचें। सोयाबीन, अलसी, ब्रोकली, अखरोट, सीड्स और अंकुरित अनाजों को आहार में वरीयता देना लिवर के लिए लाभप्रद है। इन्हें अपनी डेली डाइट में शामिल करें।

**उपयोगी फल / राजकुमार 'दिनकर'**

# स्वास्थ्य के लिए लाभकारी कोकम



कोकम का वानस्पतिक नाम गारनिया इंडिका है। मूल रूप से यह कोंकण इलाके का पेड़ है। इसके फल में कई औषधीय गुण पाए जाते हैं। इसका व्यापारिक इस्तेमाल भी होता है। कोकम के फल गहरे जामुनी से लेकर काले रंग के होते हैं। इसका फल चिपचिपा और टेढ़े-मेढ़े किनारे वाला होता है। अकसर इसे आधा काटकर धूप में सुखाकर भारतीय रसोई में मसाले की तरह इस्तेमाल होता है। इसे आमसल कोकम या कोकाम भी कहा जाता है। महाराष्ट्रियन, कोंकण और गुजराती व्यंजनों में इसका काफी इस्तेमाल होता है। खट्टे-मीठे स्वाद वाले कोकम को इमली का अच्छा विकल्प माना जाता है।

**होते हैं कई गुण:** कोकम खाने से हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है। जो लोग अकसर बीमार रहते हैं, उन्हें इसका नियमित सेवन करना चाहिए। यह एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लेमेट्री गुणों से भरपूर होता है। यह रक्त में शुगर को कंट्रोल रखता है और दिल की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। कोकम में विटामिन-बी कॉम्प्लेक्स, पोटेशियम, मैग्नीज और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हमारी हार्ट बीट और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखते हैं। कोकम का सेवन न्यूरोनल विकास की क्रिया में मदद करता है, जिससे दिमागी शक्ति बढ़ती है, पॉजिटिविटी आती है।

**वजन घटाने में सहायक:** इसके फल को पानी में उबाल कर और छानकर पीने से वजन कम करने में काफी सहायता मिलती है। दस्त होने पर कोकम के फलों का चूर्ण ठंडे दूध में मिलाकर पीने से आराम मिलता है। इसे एसिडिटी के इलाज के लिए भी जाना जाता है।

**लू से बचाए:** गर्मी में कोकम का शर्बत पीने से लू से बचाव होता है। प्यास बुझाने वाला यह एक ऐसा शर्बत होता है, जिसकी तासीर ठंडी होती है।

**कैसे इस्तेमाल करें:** कोकम को इमली की तरह सूखे फल के रूप में इस्तेमाल में लाया जाता है। इसे इस्तेमाल करते समय इसके छिलके को काटा नहीं जाता, इसे साबूत ही सुखाया जाता है। सुखाने के दौरान इनमें धूल मिट्टी चली जाती है, इसलिए इसे संग्रहित करते समय अच्छी तरह साफ करके रखना चाहिए। *

**न्यू ट्रीटमेंट**

रजनी अरोड़ा

हाल में एक अमेरिकन कंपनी ने मोटापा नियंत्रित करने के लिए मुंजारो दवा लॉन्च की है। यह कैसे काम करती है, कितनी कारगर है और इसके क्या साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं, इस बारे में जानिए।

# ओबेसिटी दूर करने में हेल्पफुल मुंजारो




मोटापा या ओबेसिटी आज दुनिया भर में महामारी का रूप लेता जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार मोटापा, डायबिटीज, कैंसर, लिवर डिजीज, हाइपरटेंशन, हृदय रोग, डिप्रेशन, स्लीप एपनिया जैसी कई गंभीर बीमारियों की वजह होने के साथ असमय होने वाली मौत के कारकों में दूसरा बड़ा कारण भी है। भारत की बात करें तो करीब 7-8 करोड़ लोग गंभीर मोटापे से ग्रस्त हैं। 'लैंसेट' की 2022 की रिपोर्ट के मुताबिक वयस्क आबादी में 9.8 प्रतिशत महिलाएं और 5.4 प्रतिशत पुरुष मोटापे का शिकार हैं। तकरीबन 8 करोड़ लोग गंभीर मोटापे का शिकार हैं, जिनमें 1.25 करोड़ बच्चे हैं, जिनका बीएमआई इंडेक्स रेट 30 या अधिक है। जबकि 18-25 बीएमआई वाला व्यक्ति हेल्दी की श्रेणी में आता है। हालांकि ओबेसिटी को दूर करने के लिए दुनिया भर में कई तरीके अपनाए जाते हैं। बेरियाट्रिक सर्जरी के अलावा रैस्मीटोरॉन, स्मैलेग्लूटाइड जैसी ड्रग्स पहले से ही प्रचलन में हैं। पिछले महीने एक अमेरिकी कंपनी ने मुंजारो या टिरजेप्टाइड इंजेक्शन लॉन्च किया। इसके ट्रायल में काफी सफलता मिली है।

**कैसे दी जाती है दवा:** ओबेसिटी से ग्रस्त व्यक्ति को मुंजारो का इंजेक्शन सप्ताह में एक बार दिया जाता है। व्यक्ति पेट, बांह या पैर पर यह इंजेक्शन लगवा सकता है।

**कैसे करता है असर:** हमारे ब्रेन के स्टेटाइटी सेंटर में दो तरह के हार्मोन निकलते हैं- जीएलपी वन (ग्लूकोगन लाइक पेप्टाइड वन) और जीआईपी (ग्लूकोज डिपेंडेंट इंसुलिनोट्रोपिक पॉलिपेप्टाइड)। ये हार्मोन हमें पेट भरने का अहसास दिलाते हैं, जिससे हम खाना बंद कर देते हैं। मुंजारो दवाई इन हार्मोन के रिसेप्टर पर काम करके अर्ली स्टेटाइटी की फीलिंग कराती है। यानी थोड़ा खाना खाने के बाद ही व्यक्ति को पेट भरे होने का अहसास होता है और उसका कैलोरी इनटेक कम हो जाता है। यह खाना डाइजेस्ट करने या पेट की मूवमेंट की रफ्तार को कम कर देता है। यानी डाइजेशन प्रक्रिया धीमी हो जाती है, जिससे खाना व्यक्ति के पेट में ज्यादा लंबे समय तक रहता है। भूख कम लगने से व्यक्ति कम खाता है, जिससे शरीर में शुगर लेवल और मोटापा कम बढ़ता है।

सामान्य तौर पर हमारे दिमाग से ऐसे हार्मोन निकलते हैं, जिनसे भूख भी लगती है और पेट भरा रहता है। यह दवाई भूख लगने वाले हंगरी हार्मोंस को कम करता है। साथ ही पेट भरे होने का अहसास दिलाने वाले हार्मोन बढ़ाता है। इससे व्यक्ति को भूख नहीं लगती और वह खाना कम खाता है। यह दवा, पेनक्रियाज ग्लैंड्स के अल्फा-बीटा सेल्स को रिलैक्स करती है, जिससे वो ज्यादा अच्छे तरीके से काम करते हैं।

**किन्हें हो सकता है नुकसान:** ओबेसिटी के शिकार व्यक्ति को डॉक्टर से परामर्श के उपरांत ही मुंजारो इंजेक्शन लेना चाहिए। टाइप-1 डायबिटीज थाइरायॅड कैंसर, मल्टीपल एंडोक्राइन नियोप्लाजिया सिंड्रोम जैसी बीमारियों से पीड़ित व्यक्ति को मुंजारो इंजेक्शन नहीं लेना चाहिए।

**हो सकते हैं साइड इफेक्ट्स:** हालांकि ओबेसिटी कम करने वाली दवा कारगर साबित हो रही है। लेकिन इनके शरीर पर कुछ प्रभाव भी पड़ते हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण है कि फैट के साथ शरीर का मसल्स-मास कम हो जाता है, जिससे व्यक्ति कमजोरी, थकान महसूस करता है। इसके अलावा मुंजारो दवाई लेने पर शुरू में व्यक्ति को पेट दर्द, गैस बनना, उल्टियां आना, घबराहट जैसी समस्याएं हो सकती हैं। जिसके लिए हल्का सुपाच्य खाना खाने, ओवरइटिंग न करने की सलाह दी जाती है। धीरे-धीरे शरीर को आदत होने पर साइड इफेक्ट कम हो जाते हैं। पेशेंट आहार में फाइबर, प्रोटीन और विटामिन रिच खाना ले सकता है।

**वेट ऐसे रहेगा मेंटेन:** वजन कम करने के लिए सिर्फ मुंजारो पर निर्भर रहना सही नहीं है। इसके साथ व्यक्ति को स्वस्थ जीवनशैली अपनानी भी जरूरी है। जिसमें संतुलित और पौष्टिक आहार लेने के साथ नियमित व्यायाम करना बहुत जरूरी है। ताकि दवाई बंद करने के बाद वजन दोबारा न बढ़े। *

**(साउथ एशियन फेडरेशन ऑफ एंडोक्राइन सोसाइटी, इंडिया के प्रेसिडेंट डॉ. संजय कालरा से बातचीत पर आधारित)**

आप हेल्थ कॉन्शस हैं तो योगाभ्यास रेग्युलर करते ही होंगे। लेकिन योगाभ्यास आप आराम से कर सकें और इसका सही लाभ आपको मिले, इसके लिए आपको सही योगा मैट का यूज करना चाहिए। कैसा हो आपका योगा मैट, जानिए।

# योगासन के लिए कैसा हो आपका योगा मैट

**सजेशन**

राजकुमार



आजकल योग का क्रेज पूरी दुनिया में छाया हुआ है। वर्किंग हो या नॉन वर्किंग किसी भी आयुवर्ग के लोग योग के स्वास्थ्य लाभों को देखते हुए इसे सहजता से अपना रहे हैं। अब आप योगासन सीखने की शुरुआत कर रहे हैं या सालों से इसे कर रहे हैं, तो योगा मैट का इस्तेमाल तो करते ही होंगे। योगा मैट इसलिए जरूरी है, क्योंकि योगासन करने के दौरान बैठने या लेटने के लिए हमें किसी ऐसी मैट की जरूरत होती है, जिससे हमारे जोड़ों पर दबाव न पड़ें, शरीर की जमीन पर पकड़ स्थिर रहें। योगा मैट के जरिए यह सब संभव है। अब सवाल है योगा मैट खरीदते समय किन बातों का ख्याल रखें?

**क्वालिटी हो सही:** बाजार में सस्ते या कहें लो क्वालिटी के योगा मैट भी उपलब्ध हैं, लेकिन हमें उसकी गुणवत्ता देखकर खरीदना चाहिए, क्योंकि आम सी दिखने वाली योगा मैट पर लगातार पैरों और शरीर का दबाव पड़ने से यह खराब हो जाती है। अच्छी क्वालिटी की योगा मैट कंफर्टेबल और अच्छी पकड़ देती है। इसका स्पंज हमारे शरीर के दबाव को संतुलित करता है और इसकी मोटाई एक आरामदायक वर्कआउट सुनिश्चित करती है, क्योंकि इससे हमें सही कुशनिंग मिलती है। आजकल ये योगा मैट अलग-अलग तरह की लंबाई, चौड़ाई और मोटाई में उपलब्ध होते हैं। हमें अपनी बॉडी के आकार के अनुरूप ही योगा मैट का चयन करना चाहिए। इसकी मोटाई भी हमारे शरीर के वजन के लिए परफेक्ट होनी चाहिए।

**मैट की मोटाई:** योगा मैट की पकड़ भी एक अहम गुण है। योगासन करते समय जब हम उस पर खड़े होते हैं तो पैरों पर उसकी पकड़ मजबूत होनी चाहिए। योगासन करते समय वह इधर-उधर फिसलना नहीं चाहिए। यह उसकी मोटाई पर निर्भर करती है। इसकी मोटाई जितनी ज्यादा होगी, हथेलियों, घुटनों और पैरों को उतनी ही बेहतर कुशनिंग मिलेगी। योगासन के द्वारा शरीर के इन अंगों पर ज्यादा दबाव डलने के कारण इनमें चोट न लगे, इसलिए मोटी योगा मैट का चुनाव करना चाहिए। योगासन के लिए मैट की मोटाई 1/8 से 1/2 इंच, पाइलेट्स के लिए 1/2 इंच मोटी और नॉर्मल एक्सरसाइज के लिए 1/2 इंच से 2 इंच मोटी होनी चाहिए।



**मैटीरियल हो अच्छा:** कुछ मैट दिखने में आकर्षक होने के साथ-साथ सस्ते भी होते हैं। लेकिन सस्ते होने के कारण इनका मैटीरियल भी हल्का होता है। बिछाने के बाद ये बार-बार मुड़ते रहते हैं, जिससे आप एक्सरसाइज नहीं कर पाते हैं, इसलिए ऐसा मैट खरीदने से बचें। वर्कआउट करते समय हम अपना अधिकांश समय योगा मैट पर ही गुजारते हैं। इसलिए हल्के रंगों की बजाय गहरे रंग का चयन करें। इसकी बनावट अगर ज्यादा खुरदरी होती है तो वह असुविधाजनक लगती है। इसका स्पंज ऐसा होना चाहिए, जो आपकी बॉडी की पकड़ के अनुकूल हो। पीवीसी मैट स्पंजीनेस के लिए और कॉर्क जैसे कठोर योगा मैट का भी चयन कर सकते हैं।

**करते रहें सफाई:** योगा मैट पर योग करने के दौरान शरीर से लगातार पसीना निकलता है, जिसके कारण यह चिकने और गंदे हो जाते हैं। अगर इसे साफ न रखा जाए तो इससे बैक्टीरियल इंफेक्शन होने का खतरा रहता है। इसलिए योगा मैट की रेग्युलर सफाई रखें। *

## खबर संक्षेप

### चेक बाउंस मामले में वांछित भगोड़ा काबू

**सिरसा।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर चैक बाउंस के मामले में वांछित भगौड़े को गांव झोरडन्नाली क्षेत्र से काबू किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर रामकुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजेंद्र कुमार पुत्र रामचंद निवासी हाउस नंबर 258, ढाणी जम्मू राम वाली गांव झोरडन्नाली जिला सिरसा के रुप में हुई है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### 10,390 रुपये की सट्टा राशि सहित 6 लोग काबू

**सिरसा।** पुलिस टीमों ने गश्त व चैकिंग के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए अलग-अलग जगहों पर दबिश देते हुए 6 लोगों को काबू कर उनके कब्जा से 10,390 रुपए की जुआ व सट्टाराशि बरामद की है। सीआईए सिरसा प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि सीआईए की एक पुलिस टीम ने गश्त के दौरान शहर कीर्ति नगर क्षेत्र में सार्वजनिक जगह पर सट्टा खाईवाली करने वाले एक व्यक्ति को काबू कर लिया गया।

### पक्षियों के लिए कसोरे जरूर रखें: डॉ. गोदारा

**सिरसा।** वेटरनरी सर्जन डॉ. सुभाष गोदारा ने गर्मियों के मौसम को देखते हुए कहा कि गला सबका सूखता है, प्यास सभी को लगती है। इस भीषण गर्मी में पशु पक्षियों के लिए आप अपने घरों में शीतल जल के कसोरे जरूर रखें और जल में कोई भी इलेक्ट्रोलाइट या गुड़ मिलाकर रखें, ताकि पशु पक्षी डिहाइड्रेशन से बच सके।

### किसान के साथ मारपीट मामले में आरोपी पकड़े

**डबवाली।** पुलिस ने गत दिवस अनाज मंडी डबवाली में किसान के साथ हुई मारपीट के मामले में आरोपी धर्मपाल व सुरेश कुमार निवासी मौजगढ़ को अदालत के आदेश पर शामिल जांच कर न्यायिक प्रक्रिया अनुसार कार्रवाई की है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयोग शुदा गेहूं उतारने वाला फावड़ा भी बरामद किया है।

### टोहाना में शादी में आए युवक की बाइक चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने शादी समारोह में गए एक युवक का मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे सदर टोहाना पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव जमालपुर शेखां निवासी रामस्वरूप ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर एक शादी समारोह में भाग लेने ग्रीन स्टार मैरिज पैलेस में गया था। उसने अपने मोटरसाइकिल को पैलेस के बाहर खड़ा किया और अंदर चला गया। वापस आया तो बाइक गायब थी।

### मकान के ताले टूटे हजारों का सामान चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने फतेहाबाद में एक विधवा महिला के घर में घुसकर वहां से हजारों की नकदी व चांदी के गहने चोरी कर ले गए। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में विधवा महिला गुड्डी देवी ने जानकारी दी है।

## गैर शैक्षिक कार्य करवाना बंद करो, हमें सिर्फ पढ़ाने दो: अध्यापक

# अध्यापकों ने ऑनलाइन डायरी लिखने का किया कड़ा विरोध

**अध्यापक का प्राथमिक काम बच्चों को पढ़ाना था, अब वो गौण होता जा रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

ऑनलाइन हाजिरी और गैर शैक्षिक कार्य करवाने के विरोध में जिलेभर के अध्यापकों द्वारा बुधवार को हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के आह्वान पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता संघ के जिला प्रधान राजपाल मिताथल ने की तथा संचालन सचिव देसराज माचरा ने किया। संघ के के राज्य उप महासचिव कृष्ण नैन, राज्य आडिटर सुरजीत दुसाद, जिला कोषाध्यक्ष जगजीत मुडाही व जिला वरिष्ठ उपप्रधान डॉ. नीतु डूडेजा ने कहा कि शिक्षा विभाग हर रोज शिक्षा विरोधी फरमान जारी किए जा रहा हैं। गैर शैक्षिक कार्यों की भरमार हो गई है। अध्यापक का प्राथमिक काम बच्चों को पढ़ाना था, अब वो गौण होता जा रहा है।



**फतेहाबाद।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना देते अध्यापक। *फोटो: हरिभूमि*

इसका ताजा उदाहरण है टीचर्स की ऑनलाइन डायरी, ऑनलाइन हाजरी, ऑनलाइन उल्लास, ये एक बहुत ही लंबा और गैरजरूरी काम है जिससे अध्यापक का सारा समय बर्बाद हो रहा है। जिस समय को अध्यापक ने बच्चों को पढ़ाने में लगना चाहिए था, वह व्यर्थ में चला जाएगा। पहले ही अध्यापकों को अनेक गैरशैक्षिक कार्य करवाए जा रहे हैं। इस प्रकार के आदेशों के विरोध में और 9 साल से जेबीटी शिक्षकों के ट्रांसफर ड्राइव जल्द चलवाने की मांग को लेकर प्रदेशभर में प्रदर्शन किए जा रहे हैं। संघ के जिला प्रधान राजपाल मिताथल ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण कच्चे शिक्षकों को अभी तक पक्का नहीं किया गया। पुरानी पेंशन बहाल नहीं की जा रही। 2012 के नियम से आधे शिक्षकों की एसीपी काट दी गई है। कोर्ट से मिली हुई बंचिंग काटी जा रही है। किसी भी शिक्षक के अभिभावकों को भविष्य में मेडिकल क्लेम नहीं मिलेगा।

### 3000 शिक्षकों की एलटीसी नहीं मिल रही

उन्होंने कहा कि अध्यापकों पर गैर-शैक्षणिक कार्यों का बोझ लगातार बढ़ रहा है। ट्रांसफर अब स्कूल बंदीकरण का हथियार बन गया है। लगभग 3000 शिक्षकों की 2020-2023 की एलटीसी नहीं मिल रही है। आज के धरना प्रदर्शन में एसटीएफआई के राष्ट्रीय महासचिव सीएन भारती, अध्यापक संघ के पूर्व राज्य कोषाध्यक्ष राजेन्द्र बाटू, सीटू नेता बेगराज, अध्यापक संघ के राज्य सचिव पूनम रानी आदि पदाधिकारियों ने भी सम्बोधित किया।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर आंगनबाड़ी वर्कर्स ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

शहर के वार्ड नंबर 3 में आज बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी वर्कर अनीता रानी की अगुवाई में अन्य वर्करो ने जागरूका रैली निकाली। कार्यक्रम में वार्ड नंबर 3 में लडक़ों से ज्यादा लड़कियां होने पर लड़कियों की माताओं को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी वर्करों ने कहा कि लडक़े लडक़ी में कोई फर्क नहीं है। जो लोग गर्भ में बेटियों की हत्या करते हैं वह बहुत पाप करते हैं, ऐसे करने वालों को जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि हमें बेटियों को शिक्षित करना होगा। अगर बेटियां सुरक्षित होगी तो ही समाज आगे बढ़ेगा।




**रतिया।** जागरूकता रैली निकालती आंगनबाड़ी वर्कर्स। *फोटो: हरिभूमि*

# सांसद कुमारी शैलजा का डबवाली दौरा चर्चा में

- सांसद बनने के बाद शैलजा ने डबवाली क्षेत्र में कोई कार्यक्रम नहीं किया जिससे उनका जनता के साथ सीधे संवाद हो सके

हरिभूमि न्यूज ⏭डबवाली

क्या सिरसा की सांसद कुमारी शैलजा पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल के नक्शे कदम पर चल रही है? राजनीतिक गलियारों में यह बात चर्चा का विषय बन गई है। दरअसल सिरसा की सांसद कुमारी शैलजा ने जिस प्रकार से अपनी विजय के बाद डबवाली क्षेत्र में अपने जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए हैं, उससे उन के कार्यक्रमों पर यह सवाल खड़े हो रहे हैं कि सांसद कुमारी शैलजा क्या चंद कांग्रेसी नेताओं की सांसद हैं या फिर वह जनता की सांसद हैं। सांसद बनने के बाद कुमारी शैलजा ने डबवाली क्षेत्र में अभी तक कोई ऐसा कार्यक्रम नहीं किया जिससे उनका जनता के साथ सीधे संवाद हो सके। विधानसभा चुनाव में भी उनकी सक्रियता पर राजनीतिक गलियारों में खूब चर्चा हुई और फिर परिणाम भी कांग्रेस के लिए सुखद नहीं रहा। कुमारी शैलजा का ताजा डबवाली दौरा सोमवार का था और यह दौरा भी आम लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा 18 से

**सिरसा।** हिन्दू भगवा वाहिनी ट्रस्ट द्वारा आगामी 18 अप्रैल से स्थानीय गीता भवन मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन कराया जाएगा जिसमें वृंदावन से कथावाचक पं. महेश लवानियां भाग लेंगे। संस्था की महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया चौहान ने बताया कि 18 अप्रेल को प्रातः कलश यात्रा सालासर धाम मंदिर से आरंभ होकर गीता भवन पहुंचेगी जिसमें 101 महिलाएं कलश लेकर शामिल होगी। कथा आगामी 18 अप्रेल से लेकर 24 अप्रेल तक चलेगी। आगामी 25 अप्रेल को सुखदेव विदाई, हवन व प्रसाद का वितरण किया जाएगा। रूकमणी विवाह पर कन्यादान लॉयस क्लब सिरसा अमर के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी रमेश साहुवाला व उनकी धर्मपत्नी नीलम साहुवाला द्वारा किया जाएगा।

# एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की तैयारियां पूरी

- संगोष्ठी में देशभर से विभिन्न विषयों के विद्वान, शोधार्थी और शिक्षाविद भाग लेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

जेसीडी विद्यापीठ के शिक्षण महाविद्यालय में आगामी 18 अप्रेल को एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी होगी जिसका विषय शिक्षा, फार्मेसी, इंजीनियरिंग, प्रबंधन, विज्ञान और मानविकी में नवीन प्रौद्योगिकी का एकीकरण निर्धारित किया गया है। इस संगोष्ठी में देशभर से विभिन्न विषयों के विद्वान, शोधार्थी और शिक्षाविद भाग लेंगे। विद्यापीठ के महानिदेशक डॉ. जयप्रकाश ने बताया कि इस संगोष्ठी का आयोजन शिक्षण महाविद्यालय के सभागार कक्ष में किया जाएगा। उद्घाटन सत्र के मुख्यातिथि चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. दीप्ति धर्माणी होंगी। समापन सत्र में कुलसचिव, चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय डॉ. राजेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर डीन, शिक्षा संकाय डॉ. निवेदिता, अध्यक्ष, शिक्षा विभाग डॉ. रंजीत कौर, शिक्षा विभाग, चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालयडॉ. मीना कुमारी, प्रार्चाया डॉ. पूनम गुप्ता विशिष्ट अतिथि होंगी। इस संगोष्ठी में देश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से लगभग 200 प्रतिभागी भाग लेंगे और अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। सम्मेलन बहुविषयक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करेगा, समन्वय पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

### पशु चोरी के मामले में गिरफ्तार यूपी के युवक

**फतेहाबाद।** भूना पुलिस ने गांव ढाणी भोजराज व ढाणी सांचला से दो सरकारी झोटे चोरी करने की वारदात को भी सुलझा लिया है। गत दिवस पशु चोरी के मामले में गिरफ्तार युवक उमर पुत्र फारूख उर्फ बिल्लू निवासी झिझाना, जिला शामली, यूपी ने चोरी की इस वारदात को अंजाम देने की बात कबूली है। इसके बाद पुलिस ने उसे इस मामले में गिरफ्तार कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है। थाना भूना प्रभारी इंस्पैक्टर सुरेन्द्रा ने बताया कि इस बारे भूना पुलिस ने 20 सितम्बर 2024 को ढाणी सांचला के सरपंच राजेन्द्र सिंह व ढाणी भोजराज के सरपंच प्रतिनिधि राजेश की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार चोर रात को गांव ढाणी सांचला व ढाणी भोजराज से दो पंचायती झोटे चोरी कर ले गए हैं।

# काजलहेड़ी में चोरियों को लेकर एसपी से मिले ग्रामीण

- गांव में अब तक 70 से 80 चोरी की वारदातें हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस 3-4 मामलों में ही रिपोर्ट दर्ज कर रही

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

गांव काजलहेड़ी में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से परेशान ग्रामीणों का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा। बुधवार को दर्जनों ग्रामीण फतेहाबाद स्थित लघु सचिवालय पहुंचे और एसपी आस्था मोदी को ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में अब तक 70 से 80 चोरी की वारदातें हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस महज 3-4 मामलों में ही रिपोर्ट दर्ज कर रही है। इससे आरोपियों के हौसले और बुलंद होते जा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव का ही एक युवक चोरी की घटनाओं में संलिप्त है और जब कोई उसका विरोध करता है, तो वह और उसका परिवार लोगों को धमकाने लगते हैं। इस मौके पर ग्रामीण राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि वह कई बार पुलिस चौकी जाकर शिकायत कर चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें निराशा ही हाथ लगी। उनका आरोप है कि जब भी आरोपी को पकड़ा जाता है, तो कुछ समय बाद ही उसे छोड़ दिया जाता है, जिससे गांव में डर और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने एसपी से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और गांव में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। एसपी आस्था मोदी ने ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच कर जल्द उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



**फतेहाबाद।** एसपी से मिलने पहुंचे गांव काजलहेड़ी के ग्रामीण। *फोटो: हरिभूमि*

# राजनीतिक हिस्सेदारी के लिए संघर्ष करेंगे: वधवा

- बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री से मिला ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी का प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष साहिबदयाल वधवा के नेतृत्व में एक शिष्ट मंडल बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ से मिला। शिष्ट मंडल में हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष औम प्रकाश चुघ, राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष रजनेश बहल, राजस्थान के प्रदेश महासचिव सिमरजीत सिंह मरवाह, कोटा व जयपुर संभाग के प्रभारी नमन कालरा, दिल्ली के जिलाध्यक्ष संजय अजमानी शामिल थे। बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष साहिबदयाल वधवा को पगड़ी पहनाकर उनका अभिनन्दन किया एवं समाज को एकजुट करने व समाज के लिए अच्छा कार्य करने के लिए उनकी मुक्तकण्ठ से प्रशंसा की। शिष्ट मंडल ने राष्ट्रीय महामंत्री से पूरे देश में खत्रिय वर्ण को जनसंख्या के आधार पर पार्टी व सरकार में हिस्सेदारी देने के लिए आंकड़े पेश करते हुए साहिबदयाल वधवा ने कहा कि पूरे देश में खत्रिय वर्ण की जनसंख्या 10 प्रतिशत है जबकि राजनैतिक रूप से हिस्सेदारी नगण्य है। तरूण चुघ स्वयं खत्रिय वर्ण से हैं और बीजेपी में उच्च पद पर विराजमान हैं। वह अपने वर्ण की आवाज उठाए। कर जिसकी जितनी संख्या, उसकी



**फतेहाबाद।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुघ को स्मृति चिन्ह भेंट करते ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के पदाधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

### शिष्ट मंडल को दिया आश्वासन


हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष औम प्रकाश चुघ ने हरियाणा के आंकड़ों के अनुसार राज्यसभा की 2 सीटें, लोकसभा की 3 सीटें, मंत्रीमण्डल में 4 मंत्री, 27 विधानसभा की सीटें, जिला परिषद, नगर निगम, नगर परिषद, नगर पालिका, पंचायत समिति, बोर्डों व निगमों के चेयरमैन, उप चेयरमैन, आयोगों व सरकार के अन्य विभागों में अटॉर्नी जनरल, सहायक अटॉर्नी जनरल व अन्य सभी प्रकार की राजनीतिक नियुक्तियों में 30 प्रतिशत की मांग की।

# राहुल शीरा बने सिरसा जिलाध्यक्ष

- राहुल शीरा ने कहा पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे पूरी ईमानदारी, लग्न व निष्ठा से निभाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया अठावले के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास अठावले एवं हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष रवि कुमार एडवोकेट के नेतृत्व में सिरसा के सुखसागर कॉलोनी निवासी राहुल शीरा को रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया अठावले का सिरसा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर राहुल शीरा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेशाध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जिस उम्मीद के साथ उन्हें जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वे पूरी ईमानदारी, लग्न व निष्ठा से निभाएंगे। साथ ही संगठन की मजबूती के लिए अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी से जोड़ेंगे। उनके साथ गुरप्रीत व रणजीत सिंह भी मौजूद रहे।



**सिरसा।** राहुल शीरा को रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया अठावले का जिलाध्यक्ष नियुक्ति का पत्र सौंपते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

## फतेहाबाद क्रिकेट लीग का शुभारंभ

# फाइनल में पहुंची टोहाना जोन की टीम

- खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर अंडर-14 में तीन जोन की टीमें बनाई गई थी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

क्रिकेट प्रतिभाओं को आगे लाने के उद्देश्य से एवरेस्ट स्पोर्ट्स क्लब द्वारा फतेहाबाद क्रिकेट लीग-2025 का आयोजन किया जा रहा है। गांव बहबलपुर स्थित रॉयल पब्लिक स्कूल में बुधवार को इस क्रिकेट लीग का शुभारंभ हुआ। क्रिकेट लीग का शुभारंभ रॉयल स्कूल के चेयरमैन डॉ. हरमेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। एवरेस्ट स्पोर्ट्स क्लब के प्रधान प्रहलाद सिंह कुलरिया ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। फतेहाबाद क्रिकेट लीग को लेकर पिछले दिनों ट्रायल लिए गए थे। ट्रायल में जिलेभर से सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर अंडर-14 में तीन जोन की टीमें बनाई गई थी। इनमें फतेहाबाद जोन, टोहाना जोन व रतिया जोन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन तीनों जोनों के मैच आज से रॉयल क्रिकेट अकेडमी में करवाए गए।



**फतेहाबाद।** क्रिकेट लीग के शुभारंभ पर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते अतिथिगण।

### डॉ. हरमेन्द्र सिंह ने टॉस करवाकर हौसला बढ़ाया

क्रिकेट लीग का शुभारंभ स्कूल के चेयरमैन डॉ. हरमेन्द्र सिंह ने टॉस करवाकर किया। उन्होंने खिलाड़ियों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया और खेलों को खेल भावना से खेलने का आह्वान किया। इस दौरान तीनों जोनों के बीच दो-दो मैच हुए, जिनमें टोहाना जोन ने सर्वाधिक मैच जीतकर फाइनल मैच में जगह बनाई। इसके बाद फतेहाबाद व रतिया जोन में मैच होंगे और इनमें विजेता टीम फाइनल में टोहाना से भिड़ेगी। इस अवसर पर रॉयल स्कूल की प्राचार्या सुनीता मेहता, एवरेस्ट स्पोर्ट्स क्लब के सचिव अरूण खोड, कोच सुनील कुमार, कोच सन्नी कुमार, कोच संजय कुमार जोधा, कोच मनदीप सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### मजदूर के घर से चोरी मामले में आरोपी महिला गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** भूना पुलिस ने काम के लिए राजस्थान गए एक मजदूर के घर चोरी करने के मामले में कार्यवाही करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला की पहचान कविता रानी पत्नी सुरजीत निवासी अलीपुर बरोटा हाल वार्ड नं. 14 भूना के रूप में हुई है। इस मामले में एक आरोपी विनोद उर्फ गोदी पुत्र सतबीर निवासी वार्ड नं. 9 भूना हाल गांव टिब्बी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। थाना भूना प्रभारी इंस्पैक्टर सुरेन्द्रा ने बताया कि इस बारे भूना पुलिस ने 9 अप्रैल को वार्ड नं. 14, नजदीक शांति निकेतन स्कूल, भूना निवासी संदीप की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

### सोशल मीडिया पर हथियार सहित फोटो पोस्ट करने वाले के खिलाफ दर्ज किया केस

**फतेहाबाद।** एसपी आस्था मोदी द्वारा सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन करने वालों पर सख्त कार्रवाई के दिए गए निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। युवक ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर अवैध हथियार के साथ फोटो पोस्ट किया गया था। थाना शहर फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई प्रदीप कुमार के नेतृत्व में गश्त पर थी तो उन्हें सूचना मिली कि रामनिवास उर्फ बालाजी पुत्र कृष्ण कुमार निवासी भोडियाखेड़ा ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर सोशल मीडिया का दुरूपयोग करते हुए हथियारों की फोटो डाली हुई है। पुलिस ने जब उसके इंस्टाग्राम अकाउंट को चैक किया तो पाया कि रामनिवास ने अवैध हथियारों के साथ प्रदर्शन करके गुण्डागर्दी का माहौल पैदा करने और लोगों में डर का माहौल पैदा करने के लिए सोशल मीडिया पर 2022, 2023, 2024 व 2025 में डाली हुई थी। रामनिवास ने यह फोटो खुलेआम बदमाशी की नीयत से पोस्ट की है जिससे समाज को गलत संदेश जा रहा है।

**सूचना**

मैं, विजेन्द्र पुत्र ओमप्रकाश निवासी सिसाय बोलान तहसील हांसी जिला हिसार बयान करता हूं कि मेरे पुत्र का नाम आनन्द है जोकि मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं अपने पुत्र आनन्द को मेरी तमाम चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। भविष्य में जो भी कोई मेरे पुत्र से किसी भी प्रकार का कोई लेन देन करेगा उसका वह खुद जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### जिला विकास समन्वय की बैठक आज

**हिसार।** लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में 17 अप्रैल को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में केंद्र सरकार तथा प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रगति पर समीक्षा की जाएगी। जिला परिषद के सीईओ हरबीर सिंह ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता दिशा कमेटी के चेयरमैन एवं हिसार लोकसभा क्षेत्र से सांसद जयप्रकाश करेंगे। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों पर भी चर्चा होगी। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति के सभी सदस्यों तथा संबंधित विभागाध्यक्षों को निश्चित समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### प्रतिमा खंडित करने के मामले में दो गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस की एबीवीटी व अग्रोहा थाना की संयुक्त टीम ने नंगथला गांव के पार्क में लगी डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को खंडित करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें नंगथला निवासी परेश उर्फ रिकु व खेड़ी बर्की निवासी राहुल उर्फ चीकू शामिल है। उप निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि इस संबंध में अग्रोहा थाना में नंगथला गांव की सरपंच मोनिका ने गांव के प्राइमरी स्कूल के पास पार्क में लगी डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को शरारती तत्वों द्वारा खंडित करने के बारे शिकायत दी थी। इस पर पुलिस ने केस दर्ज करके जांच करते हुए इन दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### सीएम का सराहनीय फैसला : सुरेश गोयल

**हिसार।** पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता के मीडिया प्रभारी व भाजपा नेता सुरेश गोयल धूप वाला ने मुख्य मंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा हिसार मैं हवाई अड्डा के नजदीक तीन हजार एकड़ मैं उद्योगिक मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर (आईएमसी) स्थापित करने कि योजना बहुत ही सरहानीय व स्वागत योग्य हैं। सुरेश गोयल ने कहा कि जहां देश कि प्रगति औऱ विकास के मामले मैं देश निरंतर अग्रसर हैं वहीं हरियाणा प्रदेश भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व मैं तेजी से विकास की ओर अपने कदम बढ़ा रहा हैं।

### पार्षद ज्योति के खिलाफ दायर की चुनाव याचिका

**हिसार।** नगर निगम के वार्ड-3 की भाजपा पार्षद ज्योति के खिलाफ कांग्रेस प्रत्याशी कुसुम प्रजापति ने कोर्ट में याचिका दायर की है। कुसुम प्रजापति ने याचिका में दावा किया है कि ज्योति ने पिछड़ा वर्ग आरक्षित सीट से चुनाव लड़ा और विजेता हुई जबकि वह सामान्य वर्ग से संबंध रखती है। इसलिए नगर निगम के वार्ड-3 की पार्षद को अमान्य घोषित किया जाए। इसके साथ ही ज्योति द्वारा प्रस्तुत किए गए पिछड़ा वर्ग से संबंधित प्रमाण-पत्र की जांच करके और उसके आधार पर उचित कार्रवाई की जानी चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता व हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल के माध्यम से डाली गई इस याचिका में कहा गया है कि वार्ड नं. 3, जो कि पिछड़ा वर्ग-ए (महिला) के लिए आरक्षित सीट थी, उस पर निर्वाचित घोषित की गई।

## शास्त्रीय संगीत साधना व आत्मा का संवाद : प्रो. बिश्नोई

# गुजवि में की जाएगी स्पिकमैके हेरीटेज क्लब की स्थापना

### गूंज क्लब व स्पिकमैके के सौजन्य से सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक गतिविधियों की एक समृद्ध परंपरा है। नृत्य, नाटक, संगीत, चित्रकला व साहित्य हर विधा में हमारे विद्यार्थी अपनी पहचान बना रहे हैं। सांस्कृतिक गतिविधियां न केवल विकास का माध्यम हैं, बल्कि हमें अपनी सभ्यता और संस्कृति से भी जोड़ती हैं।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई विश्वविद्यालय के गूंज क्लब व स्पिकमैके के सौजन्य से आयोजित सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई कार्यक्रम में मुख्यातिथि रहे जबकि विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डा. वंदना बिश्नोई भी इस अवसर पर उपस्थित रही। कुलपति ने कहा कि विशेषरूप से शास्त्रीय संगीत हमारी सांस्कृतिक विरासत का अमूल्य हिस्सा है। यह केवल स्वर और ताल की रचना नहीं, बल्कि साधना और आत्मा का संवाद है।




**हिसार।** सांस्कृतिक संध्या में प्रतिभागियों के साथ कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई एवं अन्य अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि





**हिसार।** सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

कुलपति ने घोषणा की कि विश्वविद्यालय में स्पिकमैके हेरीटेज क्लब की स्थापना की जाएगी, जिसके माध्यम से विद्यार्थी शास्त्रीय संगीत, नृत्य, लोककला और भारतीय परंपराओं से और गहराई से जुड़ पाएंगे।

आयोजन में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने 'फौजी का संघर्ष' नामक एक प्रेरणादायक संगीतमय नाटक की प्रस्तुति दी तथा स्पिकमैके के सौजन्य से प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पंडित रितेश मिश्रा तथा पंडित रजनीश मिश्रा के साथ-साथ पंडित सुमित कुमार और पंडित मितेश झा ने शास्त्रीय संगीत की शानदार प्रस्तुतियां दी।

डीन स्टूडेंटस वेल्फेयर प्रो. अनिल कुमार ने विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक गतिविधियों व गूंज क्लब के बारे में विस्तार से बताया। यह कार्यक्रम प्रीएंबल आईएएस, हिसार की ओर से प्रायोजित था। इस मौके पर गूंज क्लब के संरक्षक प्रो. खुजान सिंह, डॉ. विनीता चौहान, डॉ. सुनीता रानी व डॉ. मनीषा जांगड़ा आदि उपस्थित रहे।

## युवाओं को स्वरोजगार में आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित



**हिसार।** मुख्यातिथि छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अनिल कुमार को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

- कार्यशाला में दिन स्कू एक्सट्रूडर मशीन के संचालन एवं रखरखाव पर दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग एवं कौशल विकास कार्यक्रम केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में 'दिन स्कू एक्सट्रूडर का संचालन एवं रखरखावः उद्यमी के लिए स्टार्टअप अवसर' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अनिल कुमार थे। उन्होंने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में युवाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यशाला में हावर्ड इंडस्ट्री, लुधियाना से भव्य मेहता मुख्य संसाधन व्यक्ति थे। उन्होंने दिन स्कू एक्सट्रूडर मशीन के संचालन, मरम्मत तथा रखरखाव से संबंधित महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग की अध्यक्षा प्रो. आराधिता बी रे ने की। कौशल विकास कार्यक्रम केंद्र के निदेशक प्रो. मनीष कुमार ने प्रतिभागियों को उत्साहित करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार की व्यावसायिक रूप से लाभदायक कार्यशालाएं आयोजित करने की बात कही। इस कार्यशाला में हिसार और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए हुए 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### ब्यूटी पार्लर चलाने वाली महिला दो बच्चों सहित लापता

**हांसी।** गांव महेंदा से एक महिला के अपने दो बच्चों के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई महिला घर में रखे आभूषण व नकदी भी अपने साथ ले गई है। महिला का पति शाम को घर लौटा तो महिला व उसके बच्चे घर नहीं मिले जिसके बाद पति ने सोरखी पुलिस चौकी पर पत्नी व बच्चों की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने महेंदा निवासी 33 वर्षीय अमित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर महिला की तलाश आरंभ कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अमित कुमार ने बताया कि उसकी 30 वर्षीय पत्नी स्वाति घर में पार्लर चलाती थी। वह मंगलवार दोपहर को अपने दोनों बच्चों 9 साल का बेटा कुणाल और 4 साल की बेटी ईशानी को साथ लेकर घरेलू व पार्लर का सामान लेने के लिए हांसी गई थी।

## विद्यार्थी अनुसंधान के क्षेत्र में एक बेहतर करियर बनाएं : प्रो. दिलबागी

- राजकीय महाविद्यालय में अनुसंधान कार्यप्रणाली और नवाचार पर कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को महाविद्यालय की रिसर्च एवं डेवलपमेंट सेल द्वारा आईक्यूएसी के सहयोग से अनुसंधान कार्य प्रणाली और नवाचार विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला के प्रथम सत्र में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. नीरज दिलबागी ने अनुसंधान में नवाचार विषय पर



**हिसार।** कार्यशाला में अतिथियों के साथ प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

अपना व्याख्यान दिया। अनुसंधान की आवश्यकता के बारे में बताते हुए एक गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान पत्र प्रकाशित करने और समाज हित में अनुसंधान करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति अनुसंधान केंद्रित है और विद्यार्थी अनुसंधान के क्षेत्र में एक बेहतर कैरियर बना सकते हैं। कार्यशाला के दूसरे सत्र में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय से हरियाणा स्कूल आफ बिजनेस के वरिष्ठ प्रोफेसर टीकाराम ने अनुसंधान कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। इससे पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.विवेक कुमार सैनी ने व्याख्याता प्रो.नीरज दिलबागी और प्रो. टीकाराम का स्वागत किया।



**हिसार।** इनेलो की जिला स्तरीय बैठक को संबोधित करते विधायक आदित्य देवीलाल चौटाला। फोटो : हरिभूमि

### पार्टी की ताकत जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं में निहित

**हिसार।** इनेलो की जिलास्तरीय बैठक सिरसा रोड स्थित ताऊ देवीलाल सदन में हुई। इसमें पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत बनाने बारे मंथन किया गया। बैठक में डबवाली के विधायक आदित्य देवीलाल चौटाला, राष्ट्रीय संगठन सचिव उमेद लोहान व इनेलो महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश संयोजक सुनैना चौटाला ने मुख्य वक्ता के तौर पर शिरकत की जबकि बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सतपाल काजला ने की। बैठक को संबोधित करते हुए डबवाली से विधायक आदित्य देवीलाल चौटाला, राष्ट्रीय संगठन सचिव उमेद लोहान व महिला प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सुनैना चौटाला ने कहा कि पार्टी की ताकत जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं में निहित है। हम सभी को एकजुट होकर संगठन को और मजबूत बनाना होगा। बैठक में चत्तर सिंह स्याहड़वा, राजेश गोदारा, सतबीर सिसाय, देवीलाल सिहाग, तनूजा कश्यप, बलराज सभ्रवाल, यशपाल गोदारा, विजय जैन, एडवोकेट गंगाराम, एडवोकेट प्रदीप बाजिया व जिला प्रवक्ता रमेश चुघ सहित पार्टी के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी

### अंडर 20 राष्ट्रीय फुटबाल चैंपियनशिप में जौहर दिखाएगा



**मंडी आदमपुर।** अंडर-20 राष्ट्रीय फुटबाल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए गांव चूली बागड़ियान के साहिल सिंह का चयन किया गया है। साहिल अब 19 अप्रैल से छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में होनी वाली स्वामी विवेकानंद पुरुष अंडर-20 राष्ट्रीय फुटबाल चैम्पियनशिप में हिस्सा लेगा। गांव सरपंच प्रतिनिधि विनोद बैनीवाल ने बताया कि गांव के पूर्व पंचायत समिति सदस्य जुगती राम के पौत्र साहिल सिंह का चयन हरियाणा की टीम में किया गया है। उन्होंने बताया कि चैंपियनशिप में हरियाणा का पहला लीग मैच 19 अप्रैल को पश्चिम बंगाल के विरुद्ध, दूसरा लीग मैच 21 को मध्य प्रदेश के विरुद्ध, तीसरा लीग मैच 23 अप्रैल को नागालैंड के विरुद्ध होगा। साहिल को चैंपियनशिप के लिए रवाना करते हुए गांव की सरपंच राजेश कुमारी, सरपंच प्रतिनिधि विनोद बैनीवाल, प्रवीण बैनीवाल सहित अन्य ग्रामीणों ने हरियाणा की टीम को विजय बनाने के लिए शुभकामनाएं दी।

### कर्मचारी 20 को करेंगे सीएम कैंप कार्यालय कुरुक्षेत्र का घेराव : यूनियन



**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की पब्लिक हेल्थ ब्रांच हिसार की कार्यकारिणी की बैठक सर्व कर्मचारी संघ कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान दीपक लोट ने की व संचालन ब्रांच सचिव राकेश शर्मा ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए ब्रांच प्रधान दीपक लोट व सचिव राकेश शर्मा ने बताया कि सरकार लगातार कर्मचारी विरोधी फैसले लागू कर रही है। लगातार हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों को नौकरी से हटाया जा रहा है, विभाग का निजीकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में अलग 8वां वेतन आयोग लागू करने की मांग व कर्मचारियों के लगातार हो रहे शोषण के खिलाफ सर्व कर्मचारी संघ ने 20 अप्रैल को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय कुरुक्षेत्र के घेराव करने का फैसला लिया है।

### न्योली कलां में विद्यार्थियों को दी मुख कैंसर से बचाव की जानकारी



**मंडी आदमपुर।** राष्ट्रीय मुक्त स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीसवाल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डा. नागेश महर्षि के दिशा-निर्देशन में गांव न्योली कलां के राजकीय प्राथमिक माडल संस्कृति विद्यालय में विद्यार्थियों को मुख स्वास्थ्य संबंधी और उससे होने वाली स्वास्थ्य जटिलताओं से बचाव और रोकथाम की जानकारी प्रदान की। दंत चिकित्सक डा. सविता रेढू ने विद्यार्थियों को बताया कि मुख कैंसर से पूर्व लाल और सफेद रंग के जख्म दिखाई देते हैं जिनको समय पूर्व पहचान कर कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी पर अंकुश लगाया जा सकता है और रोग फैलने से पहले निदान और ईलाज किया जा सकता है। मुख कैंसर के लक्षणों में प्रमुख रूप से मुंह के छाले लंबे समय तक ठीक न होना, निगलने में परेशानी, मुंह में जलन, मुंह का पूरा ना खुलना आदि शामिल हैं।



**हिसार।** कथा के समापन पर बजरंग दास गर्ग व अन्य पदाधिकारी हवन।

### सच्चे मन से भगवान शिव की पूजा करने वाला कभी दुखी नहीं होता : गर्ग

**हिसार।** श्री प्रयागगिरी शिवालय ट्रस्ट की ओर से आयोजित श्री शिव पुराण कथा सम्पन्न हो गई। कथा के समापन अवसर पर हवन करके प्रसाद का वितरण किया गया। कथा में नौ दिन पर साध्वी करूणागिरी महाराज ने प्रवचन किए और श्रद्धालुओं को भगवान शिव की पूजा अर्चना करने का आह्वान किया। समापन अवसर पर आयोजित हवन में आए श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि नौ तक चली श्री शिव पुराण कथा व दसवें दिन हवन करके विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साह दिखाया है, वह सराहनीय है। उन्होंने नौ दिन तक प्रवचन करने पर साध्वी करूणागिरी महाराज का आभार जताया और कहा कि ऐसे संतों का सानिध्य जिनको प्राप्त होता है, वे भाग्यशाली होती है। उन्होंने कहा कि साध्वी जी ने जो प्रवचन किए हैं, हमें उनका अनुसरण करते हुए उन पर चलना चाहिए क्योंकि भगवान शिव सबका कष्ट हरने वाले हैं।

## संत शिरोमणि धन्ना भगत की जयंती के अवसर पर सीएम देंगे बड़ी सौगात : बराला

- 20 अप्रैल को जींद जिले के गांव पालवा में धूमधाम से मनाई जाएगी जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

संत शिरोमणि धन्ना भगत की जयंती जींद जिले के गांव पालवा में खाप पंचायत के सहयोग से धूमधाम से मनाई जाएगी। समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और बड़ी सौगात देंगे। यह बात राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला ने नारनौंद की दादा देवराज धर्मशाला में प्रमुख समाजसेवी सुशील उगालन द्वारा आयोजित निमंत्रण कार्यक्रम में खाप के सरदारों और मौजिज लोगों को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि धन्ना भगत की जयंती भाजपा सरकार में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अगुवाई में मनाने की शुरुआत की थी ताकि धन्ना भगत को सम्मान दिया जा सके।



**नारनौंद।** मंच पर बैठे राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला व अन्य।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सतरोल खाप के पूर्व प्रधान रामनिवास लोहान, बाहरा खाप के प्रधान रतन मिलकपुर, कालीरामण खाप के प्रधान कर्मवीर कालीरामण, भाजपा नेता रणधीर धीरू, सुदेश चौधरी, सुधीर पांचाल, जिला पार्षद बिजेंद्र सिंह, बलवंत खरब, संदीप मालिक, सरपंच रोहतास, मनदीप कापड़ों, साधु खेड़ी, शमशेर लोहान, मास्टर फूल कुमार, ओमप्रकाश, युद्धवीर, पार्षद टेकराम आदि मौजूद थे।

## युवाओं को नशे से दूर करने के लिए समाज को जागरूक करना जरूरी

- हांसी पुलिस की मुहिम रंग लाई 120 गांवों का सर्वे कर 723 ड्रग पीड़ितों की पहचान कर 538 ड्रग पीड़ितों का करवाया उपचार शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ? हांसी



हेमेंद्र कुमार मीणा, एसपी



**हांसी।** नशा मुक्ति अभियान के दौरान युवकों की काउंसलिंग करती चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

पुलिस अधीक्षक हांसी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा है की युवाओं में बढ़ता नशे का प्रचलन एक बड़ी समस्या है। बिना सही मार्गदर्शन के समाज के लोग ड्रग्स एवं मेडिकल नशे से ग्रसित होते जा रहे हैं। इस समस्या पर अंकुश लगाने के लिए हांसी पुलिस की नशा मुक्ति टीम द्वारा निरंतर गांव-गांव में जाकर आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। पुलिस जिला हांसी की नशा मुक्ति टीम पुलिस जिला हांसी के विभिन्न गांवो में जाकर जो यूवा नशे की लत में चले गए उनकी पहचान कर उनका उपचार करवाकर उन्हें सही मार्ग पर लाने का कार्य कर रही है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस जिला हांसी के कुल 103 गांव व 21 वार्डों को ड्रग मुक्त किया गया है। हांसी पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने अब तक 120 गांवों का सर्वे कर 723 ड्रग पीड़ितों की पहचान कर 538 ड्रग पीड़ितों का उपचार शुरू करवाया है। जिसके सार्थक परिणाम सामने आए है।

### टोल फ्री नम्बर 9953558000 पर भेजें गड्ढे की लोकेशन सहित फोटो

# सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने का चलेगा अभियान : मेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि नगर निगम के द्वारा सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने का अभियान चलाया जाएंगा। शुरुआत कंक्रीट की बनी सड़कों से की जाएंगी। मेयर प्रवीण पोपली ने बुधवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सड़क यदि किसी ठेकेदार के द्वारा किए गए कार्य की रख-रखाव की समयावधि में है तो ठेकेदार के द्वारा सड़क को ठीक करवाया जाएगा। अन्यथा नगर निगम के द्वारा सड़क के गड्ढे ठीक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेरा पूरा प्रयास रहेगा कि शहर की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाया जाएं। इसके लिए शहरवासियों के सहयोग की अपेक्षा करता हूं।



**हिसार।** पत्रकारों से बातचीत करते मेयर प्रवीण पोपली।

मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि सड़कों में बने गड्ढों की शिकायत आप लिखित या व्हॉट्सअप के माध्यम से नगर निगम कार्यालय में या मेयर कार्यालय में दे सकते है। इसके लिए नगर निगम के टोल फ्री नम्बर 9953558000 पर लोकेशन सहित फोटो व्हॉटसअप भी कर सकते है। उन्होंने कहा कि शहरवासियों द्वारा गड्ढों की किसी भी माध्यम मिली शिकायतों का समाधान तुरंत प्रभाव से किया जाएगा।

### स्वच्छता पखवाड़े में रहा निगम का सराहनीय कार्य

इससे पूर्व मेयर प्रवीण पोपली ने नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आगमन पर नगर निगम द्वारा जो स्वच्छता पखवाड़ा चलाया गया था। इस पखवाड़े के दौरान सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा सराहनीय कार्य किया गया इसके लिए सभी बधाई के पात्र है। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को आदेशित किया कि इस कार्य को निरंतर जारी रखा जाएं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता पखवाड़े के दौरान किए गए कार्यों पर समय-समय पर निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान का मेरा बहुत सुखद अनुभव रहा है।

### बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान रहेगा जारी

उन्होंने विशेषकर बेसहारा पशु पकड़ने वाली टीम एवं सफाई शाखा के द्वारा जो कार्य किया गया है वो सरहानीय है। उन्होंने भविष्य में बेसहारा पशुओं को पकड़ने के लिए अभियान चलाने के बात भी कहीं। स्वच्छता पखवाड़े के तहत स्वच्छता अभियान भी निरंतर जारी रहेंगा। मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि एक-एक करके सभी विषयों पर बैठक करके शहरवासियों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इन विषयों में प्रॉपर्टी टैक्स, जनस्वास्थ्य विभाग, सफाई शाखा, अकाउंट ब्रांच, तकनीकी शाखा के अधिकारियों के साथ बैठक करके विषयों पर जानकारी लेकर भविष्य की योजनाएं बनाई जाएंगी।